ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहॉपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 23.06.2021

''वातावरण स्वच्छ बनायेगें,संचारी रोग भगायेंगें''

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर आज दिनांक 23.06.2021 को सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता द्वारा नगर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा कराये जा रहें कार्यो का किया गया स्थलीय निरीक्षण।

- कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 23.06.2021 को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश के क्रम में कोविड–19 एवं बरसात से पूर्व नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर नालों एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य चल रहा है।

1. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर आज दिनांक 23.06.2021 को सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता द्वारा नगर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा कराये जा रहें कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया गया। सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता द्वारा नगर क्षेत्र के न्यू सिटी (ककरा) में बने शहीद पार्क में स्थलीय निरीक्षण कर पार्क में चल रहें सौन्द्रीकरण के कार्य का निरीक्षण किया गया व निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता द्वारा जैव विविधता पार्क में नगर निगम के द्वारा लगाये गये विभिन्न प्रजातियों के पौधों की सुरक्षा एवं रख–रखाव हेतु यथोचित देखभाल किये जाने हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में सहायक नगर आयुक्त द्वारा ककरा कलां में बने शमशानघाट में मियांवाकी तकनीक पर आधारित बन रहें सिटी फॉरेस्ट का स्थलीय निरीक्षण किया गया व निरीक्षण स्थल पर सहायक नगर आयुक्त द्वारा शमशानघाट की जमीन को लेवल किया जाता हुआ पाया गया एवं संबन्धित को निर्देशित किया गया कि कार्य में तेजी लाई जायें। सहायक नगर आयुक्त द्वारा नगर क्षेत्र के ककरा में कराये जा रहें सेनेटाइजेशन के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त द्वारा ककरा में कराये जा रहें सेनेटाइजेशन के कार्य को अपनी देखरेख में कराया गया। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता के साथ सहायक अभियंता निर्माण मनोज कुमार उपस्थित रहें।

2. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया किया है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 23.06.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट ,विकास भवन, जजी, आफीसर्स कालोनी, रामनगर, दिलाजाक, आर्यनगर, तारीन जलालनगर, हाथीथान में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा बहादुरपुरा, मुल्लाखेल, ताजुखेल, बीबीजई हद्दफ वं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अर्न्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा मालखाना मोड़ रोड से बेरी चौकी तक, मोहम्मदजई, अम्बा टॉकीज मोड़ से लोहारों वाले चौराहे तक, लोहारों वाले चौराहे से ककरा कलां तक एवं तिलहरजई, मदराखेल, मलिक माटेंसरी स्कूल एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया।

जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा अजीजगंज रैन बसेरा, गॉधी पार्क मोक्षधाम, जिला अस्पताल, चारखम्बा, जियाखेल, वाजिदखेल एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा अहमदपुर रेती, आदर्शनगर कॉलोनी, चर्च कॉलोनी, कोतवाली रोजा, ख्वाजा फिरोज में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 4915 स्थलों एवं 450 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

3. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 23.06.2021 को सफाई जोन–1 में चिनौर एवं श्यामतगंज गौटिया में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई जोन–02 में बहादुरपुरा में रेलवे लाइन के पीछे बने नाले एवं मोहन नर्सिंग होम के आगे बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 खलीलशर्की एवं चौभुर्जी में बने डीप ड्रेन नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में वाकरजई एवं चारखम्भा से गर्रा फाटक रोड पर एल0आई0सी0 पुलिया के पास में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के सराय काईयॉ में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।